# WINSOME BREWERIES LTD.

Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office : D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Phone & Fax : 011 - 26811299 Email : rkb@winsomeindia.in
Website : winsomeindia.in
CIN : L15511RJ1992PLC014556

**Date:** 16.11.2024

To,
Manager Listing Department
BSE Limited
Floor-25 P.J Tower, Dalal Street
Mumbai-400001

**Script Code: 526471**

**SUB: Submission of copies of Newspaper Advertisement regarding Un-Audited Financial Results for the Quarter and half year ended on 30th September, 2024approved in the Board Meeting held on 14th November, 2024**

**REF: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

**Dear Sir/Madam,**

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in English daily (Top Story) and regional Newspaper (Naya India) on 15th November, 2024; regarding Un- Audited Financial Results for the quarter and half year ended on 30th September, 2024 approved in the Board Meeting held on Thursday, 14th November, 2024.

We request you to kindly take this intimation on record and oblige.

Thanking You,

Yours faithfully

**FOR WINSOME BREWERIES LIMITED**

For WINSOME BREWERIES LIMITED
Chairman Cum Managing Director

**RAJENDRA KUMAR BAGRODIA**
**CHAIRMAN CUM MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00178250**
**ADD: S-521, GREATER KAILASH, PART-II**
**NEW DELHI-110048**

नया इंडिया

# खेल

## सार समाचार

### अल्काराज ने रूबलेव को हराकर वापसी की

**तूरिन,एपी।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने शारीरिक तकलीफ से उबरकर आंद्रेइ रूबलेव को 6 . 3, 7 . 6 से हराया और एटीपी फाइनल्स में सेमीफाइनल में प्रवेश की दौड़ में शामिल हो गए। पहले मैच में उन्हें कैस्पर रूड ने सीधे सेटों में हराया था। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रूड को 7 . 6, 6 . 3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अल्काराज और रूड ने एक एक मैच जीता है जबकि ज्वेरेव दोनों मैच हार चुके हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जायेंगे। पहले मैच में अल्काराज पेट की गड़बड़ी से जूझ रहे थे।

### जालंधर में दिव्यांग इंडियन क्रिकेट लीग की शुरुआत

**जालंधर,आईएएनएस।** दिव्यांग इंडियन क्रिकेट लीग 2024 की शुरुआत गुरुवार से हो चुकी है। डेफ क्रिकेट फेडरेशन के साथ साझेदारी में आयोजित इस लीग में देश भर से कुल 120 दिव्यांग क्रिकेटर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। टूर्नामेंट गुरुवार को शुरू हुआ और इसका समापन 16 नवंबर को जालंधर स्थित पंजाब सशस्त्र पुलिस मैदान में होगा। लीग मैच दो श्रेणियों (सुनने में बाधित और दृष्टि बाधित) में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 90 सुनने में बाधित और 30 दृष्टि बाधित क्रिकेटर भाग लेंगे।

### पेरू के खिलाफ नई शुरुआत की कोशिश में रिकार्डो गारेका

**सैंटियागो,आईएएनएस।** चिली के मैनेजर रिकार्डो गारेका का मानना है कि शुक्रवार को पेरू के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनकी टीम के लिए एक नई शुरुआत होगी। चिली वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में अंतिम स्थान पर है और उसे यूएसए, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 में स्थान पाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखने के लिए आगामी मुकाबले में हर हाल में जीतना होगा। गारेका ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, यह एक महत्वपूर्ण समय है और हमें जीतने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मुझे पता है कि हम किसके लिए खेल रहे हैं और ये हम सभी जानते हैं। हमें परिणाम प्राप्त करने होंगे, हम बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति में हैं और पेरू भी ऐसा ही है।

### ज्वेरेव ने रूड को हराया

**ट्यूरिन,आईएएनएस।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा, क्योंकि जर्मन खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को 7-6(3), 6-3 से हराकर इस सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हालाँकि रूड अपने शुरुआती मैच में कार्लोस अल्काराज़ को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए।

# भारतीय टीम की नजरें श्रृंखला जीतने पर

## सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे।

**जोहानिसबर्ग ■ भाषा/डेस्क**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2 . 1 से आगे है लेकिन 3.1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी।



सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1.1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं।

भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है । स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### सूर्या के भरोसे पर खरा उतरना चाहता था: तिलक वर्मा

**सेंचुरियन,भाषा।** जब सूर्यकुमार यादव ने यह बताने के लिये तिलक वर्मा के होटल के कमरे पर दस्तक दी कि वह तीसरे टी20 मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा तो कृतज्ञता से भरे इस बल्लेबाज ने अपने कप्तान से वादा किया कि वह उनके भरोसे पर खरा उतरेगा। तिलक ने 51 गेंद में शतक जमाया और दूसरा पचासा तो सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने डगआउट में देखते हुए अपने कप्तान के प्रति आभार जताने के लिये 'फ्लाइंग किस' किया।

## सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारी

**कुमामोतो ■ भाषा/डेस्क**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं।

सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17 . 21,



21 . 16, 21 . 17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11 . 8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8 . 3 से बढत बना ली। सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16 . 16 कर लिया।

## ...हम तो गली के शेर भी नहीं रहे!

■ राजेंद्र सजवान

लगभग चार दशक पहले तक भारतीय हॉकी का मान-सम्मान ऊंचाई पर था। तब जर्मनी, हॉलैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा पाकिस्तान हमारे प्रबल प्रतिद्वंद्वी माने जाते थे। बाकी टीमों को कुछ खास भाव नहीं दिया जाता था। महिला हॉकी ने भले ही देर में रफ्तार पकड़ी लेकिन चंद एशियाई देशों को छोड़ भारतीय महिलाएं आज भी हल्की टीमों के सामने कमजोर साबित हो रही है।

ओलम्पिक क्वालीफायर में जापान और अमेरिका बाधा बने, लिहाजा महिला टीम पेरिस ओलम्पिक का टिकट नहीं पा सकी। सिर्फ हॉकी में ही नहीं क्रिकेट को छोड़ तमाम खेलों में



हमारे खिलाड़ियों और टीमों का स्तर उठने की बजाय गिर रहा है। हॉकी में पाकिस्तान अपने अंतर कलह के चलते कमजोर पड़ा है। उसकी क्रिकेट टीम भी पहले जैसी नहीं रही। उसके पास भाला फेंक का ओलम्पिक चैम्पियन है पर अन्य खेलों में उसकी हालत खस्ता है।

दूसरी तरफ तमाम साधन-सुविधाओं के बावजूद भारी-भरकम बजट वाले भारतीय खेल और खिलाड़ी एशियाई देशों में भी वर्चस्व स्थापित नहीं कर पा रहे। टीम खेलों फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केबॉल आदि में हमारे पुरुष और महिला खिलाड़ी लगातार अपयश क्यों बटोर रहे हैं? अधिकतर खेलों में हमारे पड़ोसी नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान आदि भारतीय खिलाड़ियों का खेल क्यों बिगाड़ डालते हैं? हालांकि हम ओलम्पिक मेजबानी का दम भर रहे हैं लेकिन चीन, जापान और कोरिया से पार पाना भारतीय खिलाड़ियों के बूते की बात नहीं है।

लगभग दस अन्य एशियाई देशों का औसत प्रदर्शन भी भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले कहीं बेहतर बैठता है। करोड़ों खर्च करने और देशवासियों के टैक्स की कमाई लुटाने के बावजूद भी बहुत से ऐसे खेल हैं, जिनमें हमारे खिलाड़ी पदकों का खाता भी नहीं खोल पाते। जिम्नास्टिक, तैराकी और अनेक मार्शल आर्ट्स खेलों में हम आज भी जीरो से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। फुटबॉल में हम कभी एशिया के सरताज थे।

# आर्थिकी/परदेश

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

**मुंबई ■ वार्ता/डेस्क**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और मारुति समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 77,580.31 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.35 अंक फिसलकर 23,532.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.41 प्रतिशत बढ़कर 44,289.60 अंक और स्मॉलकैप 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,381.98 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें



से 2145 में तेजी जबकि 1813 में गिरावट रही वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 29 कंपनियों में बिकवाली जबकि 21 में लिवली हुई। बीएसई के नौ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.03, एफएमसीजी 1.35, यूटिलिटीज 0.88, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.05, धातु 0.07, तेल एवं गैस 0.48, पावर 0.37, सर्विसेज 0.09 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत गिर गए जबकि सीडी 0.81, वित्तीय सेवाएं 0.48, दूरसंचार 0.64 और ऑटो समूह में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।

## भारत में थोक महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** भारत में थोक महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गई है। थोक महंगाई में बढ़त की वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतें उच्च स्तर पर रहना है। सितंबर में यह 1.84 प्रतिशत थी। यह जानकारी गुरुवार को सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से मिली।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, बीते महीने खाद्य उत्पादों की कीमतों में 13.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह मानसून की देरी से वापसी के कारण फसलों को हुए नुकसान के बाद आलू और प्याज जैसी सब्जियां का महंगा होना है। विनिर्मित वस्तुओं में थोक महंगाई दर, जिसका थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में भार 64 प्रतिशत से अधिक है, बीते महीने 1.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ईंधन और बिजली की में कीमतों में गिरावट आई और महंगाई दर नकारात्मक (-) 5.79 प्रतिशत रही। सरकार द्वारा मंगलवार को खुदरा महंगाई दर के आंकड़े जारी किए गए थे। अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गया है।

## देश का निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क**

देश का वस्तु निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। प्रतिशत के लिहाज से देखें तो यह दो साल में निर्यात के आंकड़े में सबसे बड़ा उछाल है। एक साल पहले इसी महीने में निर्यात 33.43 अरब डॉलर रहा था। आलोच्य महीने में व्यापार घाटा 27.14 अरब डॉलर रहा।

बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में देश का आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी माह में 63.86 अरब डॉलर था।

व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर आलोच्य महीने में 27.14 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल इसी महीने में 30.42 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। हालांकि, यह इस साल सितंबर महीने के 20.78 अरब डॉलर से अधिक है।



देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में मामूली 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.85 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह ( अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान देश का निर्यात 3.18 प्रतिशत बढ़कर 252.28 अरब डॉलर और आयात 5.77 प्रतिशत बढ़कर 416.93 अरब डॉलर रहा है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, यह निर्यात के लिए काफी अच्छा महीना रहा है...अगर यह गति बनी रही, हम इस साल 800 अरब डॉलर के निर्यात (वस्तु और सेवा) के आंकड़े को पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि छह क्षेत्रों... इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, रसायन, प्लास्टिक और कृषि... के साथ-साथ 20 देशों पर ध्यान केंद्रित करने की सरकार की रणनीति सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन 20 देशों की कुल वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है और इन छह खंडों की वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 67 प्रतिशत है। वाणिज्य मंत्रालय ने बाजार पहुंच पहल, ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने, गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने और व्यापार संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने के माध्यम से इन देशों में पैठ बढ़ाने को कदम उठाया है।

बर्थवाल ने यह भी कहा कि वे निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों के साथ बैठकें कर रहे हैं।

## परदेश खास

## अमेरिका: हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में रिपब्लिकन को बहुमत, ट्रंप की बढ़ेगी ताकत

**न्यूयॉर्क ■ आईएएनएस/डेस्क**

रिपब्लिकन पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में 218 का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद उसका अमेरिकी संसद के दोनों सदनों- कांग्रेस और व्हाइट हाउस- पर नियंत्रण हो गया है।

5 नवंबर को हुए चुनाव में वोटों की गिनती जारी है और सभी सीटों के लिए नतीजों की आधिकारिक घोषणा में कुछ सप्ताह बाकी हैं, लेकिन तीन टीवी चैनलों ने अपने विश्लेषण के आधार पर घोषणा की है कि पार्टी ने 435 सदस्यीय सदन में आधे से अधिक सीटें जीत ली हैं।

छह नतीजे लंबित हैं और सीबीएस ने कहा कि पार्टी कम से कम तीन और सीटें जीत सकती है, जिससे मौजूदा आंकड़ा 221 तक पहुंच जाएगा। इससे पहले, मीडिया ने घोषणा की थी कि रिपब्लिकन ने डेमोक्रेट्स भी सीनेट छीन लिया। फिलहाल सीनेट में रिपब्लिकन की 53 सीटें जो कि बहुमत से



अधिक हैं।

वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने 538 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों में से 312 के साथ-साथ अधिकांश लोकप्रिय वोटों के साथ राष्ट्रपति चुनाव जीता।

कांग्रेस के दोनों सदनों पर नियंत्रण होने से ट्रंप को कानून और बजट के माध्यम से आगे बढ़ने में बढ़त मिलेगी, हालांकि सदन में मामूली बढ़त कभी-कभी उन्हें रोक सकती है। इससे डेमोक्रेट्स के पास उन नीतियों को चुनौती देने के लिए कम अधिकार रह जाते हैं जिनसे वे असहमत हैं, हालांकि कम अंतर का मतलब है कि सीनेट रिपब्लिकन अभी भी कुछ कार्यों के लिए पर्याप्त वोट हासिल करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं।

### हिजबुल्ला के साथ संघर्ष में 6 इजरायली सैनिक मारे गए

**यरूशलम, वार्ता।** दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों के साथ हुई झड़प में छह इजरायली सैनिक मारे गए। इसकी पुष्टि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को की।

एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि सैनिक लड़ाई के दौरान मारे गए और उनमें से पांच की पहचान गोलानी ब्रिगेड की इन्फैंट्री बटालियन 51 के सदस्यों के रूप में की गई। छठे सैनिक की पहचान परिवार की अधिसूचना लंबित होने तक रोक दी गई थी।


**WINSOME BREWERIES LIMITED**

(CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER : L15511RJ1992PLC014556)
Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax : 011-26815222, Email : rkb521@gmail.com, Website : www.winsomeindia.in

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ON 30TH SEPTEMBER, 2024**

(Rs in Lakhs except Earning per share)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30-09-2024 (Unaudited) | Quarter ended 30-06-2024 (Unaudited) | Quarter Ended 30-09-2023 (Unaudited) | Half Year ended 30-09-2024 (Unaudited) | Half Year ended 30-09-2023 (Unaudited) | Year ended 31-03-2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 62.82 | 46.72 | 56.4 | 109.54 | 59.72 | 138.38 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraodinary items) | 40.21 | 4.33 | 53.76 | 44.54 | -0.35 | 69.16 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 40.21 | 4.33 | 53.76 | 44.54 | -0.35 | 69.16 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 40.21 | 4.33 | 53.76 | 44.54 | -0.35 | 56.86 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax ) and other Comprehensive Income (after Tax)] | 40.21 | 4.33 | 53.76 | 44.54 | -0.35 | 56.86 |
| 6 | Equity Share Capital | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | | | | | 637 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | Basic : | 0.15 | 0.02 | 0.19 | 0.16 | 0 | 0.21 |
| | Diluted: | 0.15 | 0.02 | 0.19 | 0.16 | 0 | 0.21 |

**Notes:**
1 The above financial statements have been reviewed by the Audit Committee in its meeting held on 14th November , 2024 and then approved by the Board of Directors in its meeting held on 14th November, 2024.
2 The company is having fixed assets being land, building and Plant & Machinary etc in Rajasthan for production of beer. The plant is not in use since the agreement was terminated by M/s United Breweries Ltd. The company is hopeful of entering into new botting agreement soon.
3 The figures of previous period /year have been regrouped/recast, wherever necessary, to confirm to the current period/year's classification

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Rajendra Kumar Bagrodia
(Chairman Cum Managing Director)
DIN : 00178250
S-521 Greater Kailash Part II, New Delhi-110048

Place: New Delhi
Date: 14/11/2024